PUBLICATION NAME : Agnibann

EDITION : Bhopal

DATE : 20-11-2021

PAGE : 11

ईडीआईआई को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की मान्यता

अहमदाबाद। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट ईडीआईआई को देश के स्किलिंग ईकोसिस्टम के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सीओई के रूप में मान्यता दी गई है। मंत्रालय द्वारा कई मापदंडों पर संस्थान की गहन जांच के बाद दी गई मान्यता शुरू में पांच साल के लिए वैध होगी। एमएसडीई द्वारा जारी सीओई की मान्यता दिशानिर्देशों के अनुसार एक 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' एक ऐसा निकाय है, जो तेजी से उभरती टैक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने के साथ विशिष्ट क्षेत्रों के लिए नेतृत्व, सर्वोत्तम अभ्यास, अनुसंधान और विकास सहायता, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है।